# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

NAAC A++

पत्रांक :— पी०ए०/4549
दिनांक :— 06.12.2025

**अनुस्मारक**

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः— **ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर शैक्षिक सत्र 2024—25 हेतु संस्थान/महाविद्यालय का डाटा अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/3202, दिनांक 31.10.2025 एवं पी0ए0/4453, दिनांक 17.11.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा संस्थान/महाविद्यालय का विवरण ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कतिपय संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा अद्यतन भी उपर्युक्त विवरण ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। जो कि अत्यन्त खेद का विषय है।

जिन संस्थानों/महाविद्यालयों द्वारा अपने संस्थान/महाविद्यालय का विवरण ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है को पुनः अन्तिम बार निर्देशित किया जाता है कि वे अपने संस्थान/महाविद्यालय का विवरण ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर अपलोड करते हुए कृत कार्यवाही से दिनांक 10.12.2025 तक अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें। जिन संस्थानों/महाविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि तक ए0आई0एस0एच0ई0 पोर्टल पर विवरण अपलोड नहीं किया जाता है, उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी, जिसका समस्त उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :—

01 वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02 सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता विभाग), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
03. नोडल अधिकारी, ए0आई0एस0एच0ई0 चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04 सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव